# पंजाब में गन्ने का एसएपी 290 रुपये



**चंडीगढ़** • पंजाब सरकार ने वर्ष 2013-14 के पिराई सीजन के लिए गन्ने का मूल्य (स्टेट एग्रीड प्राइस) निर्धारित कर दिया है। अगैती, मध्यम और पिछेती गन्ने के लिए एसएपी क्रमशः 290, 280 और 275 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। पंजाब के मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल की अध्यक्षता में शुक्रवार को गन्ना नियंत्रण बोर्ड की बैठक में यह फैसला लिया गया। राज्य सरकार ने पिछले वर्ष 2012-13 में गन्ने का एसएपी क्रमशः 250, 240 और 235 रुपये प्रति क्विंटल तय किया था। मुख्यमंत्री ने किसानों की मांग पर वित्तायुक्त को सहकारी चीनी मिल भोगपुर की पिराई क्षमता को बढ़ाने के लिए योजना तैयार करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने प्राथमिक कृषि सोसायटियों को और सुविधाएं देने का भरोसा दिलाया है। किसानों को गन्ने की कटाई संबंधी मशीनें रियायती दरों पर उपलब्ध कराने की बात भी उन्होंने कही। **(ब्यूरो/एजेंसी)**

Business Bhaskar
1/6/13